ई-सरल हिंदी वाक्यांश (E-saral Hindi sentences)

क्र.सं. S.No.	अंग्रेजी में शब्द Words in English	हिंदीमें अर्थ Hindi meaning	अंग्रेजी वाक्य में प्रयोग Usage in English	हिंदी वाक्य में प्रयोग Usage in Hindi
1	Renewable Energy	नवीकरणीय ऊर्जा; अक्षयऊर्जा	**Renewable Energy** will become progressively more important as time goes on.	समय बीतने के साथ-साथ **अक्षय ऊर्जा** का महत्व बढ़ता जाएगा।
2	Energy crisis	ऊर्जा की कमी	There is no **energy crisis**, only crisis of ignorance.	**ऊर्जा की कमी** नहीं, बल्कि अनदेखी की कमी है।
3	Cost of energy	ऊर्जा की लागत	The **cost of energy** will come down when we make the transition to renewable energy.	अक्षय ऊर्जा की ओर रूख करेंगे तो **ऊर्जा की लागत** में कमी आएगी।
4.	Renewable energy programme	अक्षय ऊर्जा कार्यक्रम	India has started the world's largest **renewable energy programme.**	भारत ने विश्व के सबसे बड़े **अक्षय ऊर्जा कार्यक्रम** की शुरुआत की है।
5.	Renewable resources	अक्षय ऊर्जा संसाधन	Target to produce 175 Gigawatt energy by **renewable resources** till 2022.	**अक्षय ऊर्जा संसाधनों** से वर्ष 2022 तक 175 गीगावाट बिजली पैदा करने का लक्ष्य।
6.	Solar energy	सौर ऊर्जा	Production of **Solar energy** at cheaper rates is becoming possible.	सस्ती दरों पर **सौर ऊर्जा** का उत्पादन संभव हो रहा है।
7.	Solar Energy Capacity	सौर ऊर्जा क्षमता	An increase of 370% **Solar Energy Capacity** during the last 3 years.	विगत 3 वर्षों में **सौर ऊर्जा क्षमता** में 370% से भी अधिक की बढ़ोत्तरी।
8.	Wind Energy	पवन ऊर्जा	Production of **Wind energy** at cheaper rates is becoming possible.	सस्ती दरों पर **पवन ऊर्जा** का उत्पादन संभव हो रहा है।

9.	Wind Energy Capacity	पवन ऊर्जा क्षमता	Highest increase of 5.5 Gigawatt during 2016-17 in **Wind Energy Capacity**.	**पवन ऊर्जा क्षमता** में 2016-17 में 5.5 गीगावाट की सर्वाधिक वृद्धि।
10.	Green and renewable energy.	हरित और अक्षय ऊर्जा	The future is of **green and renewable energy.**	आनेवाला समय **हरित और अक्षय ऊर्जा** का है।
11.	Energy saving	ऊर्जा की बचत	**Energy saving** is self-sustenance	**ऊर्जा की बचत** ही आत्मनिर्भरता है।
12.	Power production	विद्युत का उत्पादन	The Ministy is implementing a programme on **power production** by urban, industrial and agri waste/residues.	मंत्रालय द्वारा शहरी, औद्योगिक एवं कृषि कचरे/अवशेषों से **विद्युत का उत्पादन** करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
13.	Renewable Energy Sector	अक्षय ऊर्जा क्षेत्र	Due attention is being paid on R&D in **Renewable Energy Sector**.	**अक्षय ऊर्जा क्षेत्र** में अनुसंधान और विकास पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।
14.	Power tariffs	विद्युत की दरें	Moving towards renewable energy will reduce **power tariffs**.	अक्षय ऊर्जा का रुख करने से **विद्युत की दरों** में कमी आएगी।
15.	Wind energy producer	पवन विद्युत उत्पादक	India is world's fourth largest **Wind energy producer** after China, America and Germany.	चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद भारत विश्व में चौथा सबसे बड़ा **पवन विद्युत उत्पादक** देश है।
16.	National Solar Energy Mission	राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन	Under **National Solar Energy Mission** 30% capital subsidy is being provided.	**राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन** के तहत 30% पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जा रही है।
17.	Natural energy sources	प्राकृतिक ऊर्जा स्रोत	Renewable energy is generated from **natural energy sources** such as Sun, Wind, Water, Earth, Plants etc.	सूरज, पवन, जल, पृथ्वी, वनस्पति आदि **प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों** से अक्षय ऊर्जा पैदा होती है।

18.	Conventional energy	पारंपरिक ऊर्जा	Renewable energy is being used as the best option for **conventional energy.**	अक्षय ऊर्जा का उपयोग **पारंपरिक ऊर्जा** के सर्वश्रेष्ठ विकल्प के रूप में किया जा रहा है।
19.	Energy requirements	ऊर्जा जरूरतें	Renewable energy is a stable solution to our **energy requirements.**	अक्षय ऊर्जा हमारी **ऊर्जा जरूरतों** के लिए एक स्थायी समाधान है।
20.	Pollution-free energy resource.	प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का संसाधन	Renewable energy is a **pollution-free energy resource.**	अक्षय ऊर्जा **प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का संसाधन** है।
21.	Renewable energy market	अक्षय ऊर्जा बाजार	India's renewable energy sector is the second most attractive **renewable energy market** in the world.	भारतीय अक्षय ऊर्जा क्षेत्र विश्व का दूसरा सबसे आकर्षक **अक्षय ऊर्जा बाजार** है।
22.	Power generation	विद्युत उत्पादन	India's total **power generation** capacity is expected to be 8% of global Solar capacity by 2035.	ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2035 तक भारत की कुल सौर **विद्युत उत्पादन** क्षमता वैश्विक सौर क्षमता का 8% होगी।
23.	Hydro power projects	पन बिजली परियोजनाएं	The Ministry of New and Renewable Energy prepares upto 25MW capacity of small **hydro power projects.**	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 25 मेगावाट क्षमता तक की लघु **पन बिजली परियोजनाएं** तैयार करता है।
24.	Solar Parks	सौर पार्क	This Ministry provides assistance to States for setting up **Solar Parks.**	यह मंत्रालय राज्यों को **सौर पार्कों** की स्थापना करने में सहायता प्रदान करता है।
25.	Grid Connected Solar Rooftop Programme	ग्रिड सम्बद्ध सौर रूफटॉप कार्यक्रम	**Grid Connected Solar Rooftop Programme** promotes installation of Solar Panels across the country.	**ग्रिड सम्बद्ध सौर रूफटॉप कार्यक्रम** के अंतर्गत देशभर में सौर पैनल लगाने को बढ़ावा दिया जाता है।
26.	National Action	जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना	National Solar Mission is a part of the	राष्ट्रीय सौर मिशन **जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना** का एक हिस्सा है।

	Plan on Climate Change		**National Action Plan on Climate Change.**	
27.	Solar Power	सौर विद्युत	It is an initiative to promote **Solar Power** in India.	यह भारत में **सौर विद्युत** को बढ़ावा देने की एक पहल है।
28.	Wind-Solar Hybrid Policy.	पवन-सौर हाइब्रिड नीति	Ministry issued draft **Wind-Solar Hybrid Policy.**	मंत्रालय ने **पवन-सौर हाइब्रिड नीति** का मसौदा जारी किया।
29.	Biomass Power and Bagasse Co-generation Programme	बायोमास विद्युत और खोई सह-उत्पादन कार्यक्रम	Ministry has been promoting "**Biomass Power and Bagasse Co-generation Programme**".	मंत्रालय द्वारा **"बायोमास विद्युत और खोई सह-उत्पादन कार्यक्रम**" को बढ़ावा दिया जा रहा है।
30.	Water Mills	पनचक्कियां	Ministry has sanctioned funds for setting up of 300 **Water Mills**.	मंत्रालय ने 300 **पनचक्कियों** के निर्माण के लिए धनराशि की मंजूरी दी है।
31.	Biogas power	बायोगैस विद्युत	Ministry is promoting **biogas power** for decentralized power generation applications.	मंत्रालय विकेन्द्रित विद्युत उत्पादन के प्रयोग के लिए **बायोगैस विद्युत** को बढ़ावा दे रहा है।
32.	Ultra mega solar power projects	अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाएं	The scheme for development of solar parks and **ultra mega solar power projects** was rolled out by MNRE in December 2014.	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सौर पार्कों और **अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं** के विकास के लिए दिसम्बर, 2014 में योजना शुरू की थी।
33.	Small Solar Power Plants Programme	लघु सौर ऊर्जा संयंत्र कार्यक्रम	The Ministry is implementing **Small Solar Power Plants Programme** in	मंत्रालय देश में **लघु सौर विद्युत संयंत्र कार्यक्रम** कार्यान्वित कर रहा है।

			Country.	
34.	Solar street lights	सौर स्ट्रीट लाइट	Under the Atal Jyoti Yojna (AJAY) programme **solar street lights** are to be installed in rural, semi-urban and urban areas.	अटल ज्योति योजना (अजय) के तहत ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों में **सौर स्ट्रीट लाइट** लगाई जा रही हैं।
35.	Energy Efficient Solar/Green Buildings	ऊर्जा क्षम सौर/हरित भवन	The Ministry has been implementing a scheme on "**Energy Efficient Solar/Green Buildings".**	मंत्रालय "**ऊर्जा दक्ष सौर/हरित भवन**" संबंधी योजना कार्यान्वित कर रहा है।
36.	Solar/Green Cities	सौर/हरित शहर	The Ministry has target to support 60 cities/towns for development as **"Solar/Green Cities**".	मंत्रालय का लक्ष्य 60 नगरों/शहरों को "**सौर/हरित शहरों**" के रूप में विकसित करने हेतु सहायता प्रदान करना है।
37.	National Institute of Solar Energy	राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान	**National Institute of Solar Energy**, an autonomous institution of Ministry of New & Renewable Energy is the apex National R & D institution in the field of solar energy.	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का एक स्वायत्त संस्थान **राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में शीर्ष राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास संस्थान है।
38.	Solar passive concept	सौर उपयोग की संकल्पना	A new building named "Surya Bhavan" and 300 room International Guest House with **solar passive concept** is fully functional.	**सौर उपयोग की संकल्पना** से बना "सूर्य भवन" नामक एक नया भवन और 300 कमरों का अंतर्राष्ट्रीय अतिथि गृह पूरी तरह से कार्य कर रहा है।
39.	Solar hydrogen production cum	सौर हाइड्रोजन उत्पादन एवं वितरण की सुविधा	A **solar hydrogen production cum dispensing facility** was provided in the	राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के परिसर में **सौर हाइड्रोजन उत्पादन एवं वितरण की सुविधा** प्रदान की गई।

	dispensing facility		campus of the National Institute of Solar Energy.	
40.	Nationwide Wind Resource Assessment Program	राष्ट्रव्यापी पवन संसाधन आकलन कार्यक्रम	The objective of the **Nationwide Wind Resource Assessment Program** is to quantify the wind resource availability in the country with a view to generate power from wind.	**राष्ट्रव्यापी पवन संसाधन आकलन कार्यक्रम** का उद्देश्य पवन से विद्युत का उत्पादन करने के उद्देश्य से देश में पवन संसाधन की उपलब्धता का आकलन करना है।
41.	Global wind day	विश्व पवन दिवस	**Global wind day** is a world wide event that is celebrated annually on 15 June.	**विश्व पवन दिवस** एक विश्वस्तरीय कार्यक्रम है जिसका आयोजन प्रत्येक वर्ष 15 जून को किया जाता है।
42.	Solar Rooftop Schemes	सौर रूफटॉप योजनाएं	SECI has been successfully implementing MNRE's **Solar Rooftop Schemes** across the country.	सेकी देश भर में एमएनआरई की **सौर रूफटॉप योजनाओं** को सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर रहा है।
43.	Bio-energy Alliance	बायो ऊर्जा गठबंधन	**'Bio-energy Alliance'** constituted at Sardar Swaran Singh National Institute of Bio-energy, Kapurthala.	सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय बायो ऊर्जा संस्थान, कपूरथला में **"बायो ऊर्जा गठबंधन"** गठित किया गया है।
44.	Indian Renewable Energy Development Agency (IREDA)	भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था(इरेडा)	**Indian Renewable Energy Development Agency (IREDA)** is a mini ratna (Category-I) under the administrative control of MNRE.	**भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था(इरेडा)** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक मिनी रत्न (श्रेणी-।) उद्यम है।
45.	Surya Mitra training	सूर्यमित्र प्रशिक्षण	**Surya Mitra training** is being organized through 177 training centres/	देशभर में विभिन्न राज्यों में 177 प्रशिक्षण केन्द्रों/संगठनों के माध्यम से **सूर्यमित्र प्रशिक्षण** का आयोजन किया जा रहा है।

			organisations in different states across the country.	
46.	Sun’s radiation	सूर्य विकिरण	Solar energy is derived from the **Sun’s radiation.**	सौर ऊर्जा **सूर्य विकिरण** से उत्पन्न होती है।
47.	International Solar Alliance	अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन	This year the Ministry hosted the first Assembly of the **International Solar Alliance** (ISA).	इस वर्ष मंत्रालय ने **अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन** (आईएसए) की पहली सभा की मेजबानी की।
48.	Clean and affordable energy.	स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा	Renewable energy sources will play a dominant role in harnessing **clean and affordable energy.**	अक्षय ऊर्जा स्रोत **स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा** प्राप्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे।
49.	National Institute of Wind Enegy	राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान	**National Institute of Wind Enegy** (NIWE) continued to make contributions towards sustained development in wind energy sector in the country.	**राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान** (नीवे) का देश में पवन ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर विकास करने के लिए योगदान जारी रहा।
50.	Solar Radiation Resource Assessment Stations	सौर विकिरण संसाधन आकलन केन्द्र	**Solar Radiation Resource Assessment Stations** have been established.	**सौर विकिरण संसाधन आकलन केन्द्रों** की स्थापना की गई है।
51.	Developed and developing countries	**विकसित और विकासशील देश**	The Ministry of New & Renewable Energy has been interacting with both **developed and developing countries** for co-operation in the field of renewable	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए **विकसित और विकासशील देशों** के साथ विचार विमर्श करता रहा है।

			energy.	
52.	International Renewable Energy Agency	**अन्तर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी**	India is one of the founder members of the **International Renewable Energy Agency** (IRENA).	भारत **अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी** (इरेडा) के संस्थापक सदस्यों में से है।
53.	National Biogas & Manure Management Programme	राष्ट्रीय बायोगैस और खाद प्रबंधन कार्यक्रम	The **National Biogas & Manure Management Programme** is being implemented in the North Eastern Region States also.	**राष्ट्रीय बायोगैस और खाद प्रबंधन कार्यक्रम** को पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में भी कार्यान्वित किया जा रहा है।
54.	Solar Cities	सौर शहर	Eight cities are being developed as **Solar Cities** from North Eastern States.	पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों से 8 शहरों को **सौर शहरों** के रूप में विकसित किया जा रहा है।
55.	Energy efficient	ऊर्जाक्षम	MNRE's vision is to make India's economic development **energy efficient**.	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का लक्ष्य भारत के आर्थिक विकास को **ऊर्जाक्षम** बनाना है।
56.	Solar radiation	सौर विकिरण	Solar energy is derived from the **Solar radiation**.	सौर ऊर्जा **सौर विकिरण** से उत्पन्न होती है।
57.	Forecasting services	पूर्वानुमान की सेवाएं	The National Institute of Solar Energy provides planning and **forecasting services** to other countries and private organizations.	राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान अन्य देशों तथा निजी संगठनों को योजना बनाने और **पूर्वानुमान की सेवाएं** प्रदान करता है।
58.	Framework Agreement	कार्य ढ्राचा करार	Till date, 84 countries have signed on the **framework agreement** of ISA.	आज तक, 84 देशों ने आईएसए के **कार्य ढ्राचा करार** पर हस्ताक्षर किए हैं।
59.	Non-conventional	अपारंपरिक ऊर्जा	The ministry has taken various	इस मंत्रालय ने **अपारंपरिक ऊर्जा** में विकास एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल शुरु की

	energy.		initiatives to promote Research & Development in **Non-conventional energy.**	हैं।
60.	Transparent bidding process	पारदर्शी बोली प्रक्रिया	There has been a notable decrease in per unit cost of Solar and Wind due to **transparent bidding process**.	**पारदर्शी बोली प्रक्रिया** के कारण सौर और पवन की प्रति इकाई लागत में उल्लेखनीय कमी आई है।
61.	Wind turbine	पवन टर्बाइन	The Conference focused on 500KV class **wind turbines.**	सम्मेलन में 500 केवी श्रेणी के **पवन टर्बाइन** पर बल दिया गया।
62.	Grid Challenges	ग्रिड चुनौतियां	The penel discussed about **grid challenges.**	पैनल ने **ग्रिड चुनौतियों** पर चर्चा की।
63.	Solar energy potential.	सौर ऊर्जा क्षमता	India is endowed with vast **solar energy potential.**	भारत में विशाल **सौर ऊर्जा क्षमता** है।
64.	Energy security	ऊर्जा सुरक्षा	From an **energy security** perspective, Solar is the most secure of all sources.	**ऊर्जा सुरक्षा** की दृष्टि से सभी स्रोतों में सौर ऊर्जा सबसे सुरक्षित है।
65.	Inter state transmission charges	अन्तर-राज्य पारेषण प्रभार	In order to encourage renewable sources of energy no **inter-state transmission charges** may be levied.	अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए कोई **अन्तर-राज्य पारेषण प्रभार** न लगाए जाएं।
66.	Power Purchase Agreement	विद्युत खरीद करार	The Power Purchase Agreement is proposed to be entered into with the successful bidder.	सफल बोली दाता के साथ **विद्युत खरीद करार** किया जाना है।
67.	Solar pumps	सौर पंप	**Solar pumps** are important component	**सौर पंप सौर ऑफ ग्रिड कार्यक्रम का महत्वपूर्ण घटक है।**

			of the solar off grid programme.	
68.	Wind Resource Assessment Programme	पवन संसाधन आकलन कार्यक्रम	**Wind Resource Assessment Programme** is being coordinated by NIWE.	**पवन संसाधन आकलन कार्यक्रम** का समन्वयन नीवे द्वारा किया जा रहा है।
69.	Grid Solar Power Programme	ग्रिड सौर विद्युत कार्यक्रम	National Solar Mission aims for achieving significantly higher scales of targets through **grid solar power programme.**	राष्ट्रीय सौर मिशन का उद्देश्य **ग्रिड सौर विद्युत कार्यक्रम** के ज़रिए पर्याप्त उच्च स्तरीय लक्ष्यों को प्राप्त करना है।
70.	Wind Turbine Test Station	पवन टर्बाइन जांच केन्द्र	**Wind Turbine Test Station** is the part of NIWE.	**पवन टर्बाइन जांच केन्द्र** नीवे का ही हिस्सा है।
71.	Global Wind Day	विश्व पवन दिवस	**Global Wind Day** is worldwide event that is celebrated annually on 15th June.	**विश्व पवन दिवस** विश्व व्यापी कार्यक्रम है जो हर वर्ष 15 जून को मनाया जाता है।
72.	Solar Thermal Technology	सौर तापीय प्रौद्योगिकी	NISE has undertaken various research projects on **solar thermal technology.**	नाइस ने **सौर तापीय प्रौद्योगिकी** पर विभिन्न अनुसंधान परियोजनाएं शुरु की हैं ।
73.	Powergrid	पावरग्रिड; विद्युत ग्रिड	A **powergrid** is an interconnected network for delivering electricity.	**पावरग्रिड बिजली पहुंचाने के लिए परस्पर जुड़ा एक नेटवर्क है।**
74.	Pilot Solar Cities	प्रायोगिक सौर शहर	13 Cities identified as **Pilot Cities.**	13 शहरों को **प्रायोगिक सौर शहरों** के रुप में चिन्हित किया गया है।
75.	Solar Water Heating System	सौर जल तापन प्रणाली	Ministry has sanctioned various projects of **solar water heating system.**	मंत्रालय ने **सौर जल तापन प्रणाली** की विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत की है।
76.	Biomass based	बायोमास आधारित सह उत्पादन	A new scheme to support promotion of	चीनी मिलों में **बायोमास आधारित सह उत्पादन** को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना अनुमोदित की गई

	co-generation		**biomass based co-generation** in sugar mills has been approved.	है।
77.	Thermal Energy	तापीय ऊर्जा	**Thermal energy** is produced when there is rise in temperature.	जब तापमान बढ़ता है तो **तापीय ऊर्जा** उत्पन्न होती है।
78.	Biomass Energy	बायोमास ऊर्जा	**Biomass energy** can be used to produce both heat and electricity,	**बायोमास ऊर्जा** का उपयोग ताप और बिजली दोनों के लिए किया जा सकता है।
79.	Energy transformation	ऊर्जा में बदलाव	The world is undergoing **energy transformation.**	**दुनिया ऊर्जा में बदलाव के दौर से गुजर रही है।**
80.	Low cost technology	किफायती प्रौद्योगिकी	India is in need of fast evolving **low cost technologies.**	**भारत को किफायती प्रौद्योगिकियों का विकास करने की आवश्यकता है।**
81.	Transmission and distribution	**पारेषण एवं वितरण**	India has focused on **transmission and distribution** sector in recent years.	**भारत ने हाल के वर्षों में पारेषण एवं वितरण के क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया है।**
82.	Energy collaboration	**ऊर्जा सहयोग**	Foundation of a conducive and successful **energy collaboration** between two countries has been laid.	**दोनों देशों के बीच एक अनुकूल और सफल ऊर्जा सहयोग की नींव रखी जा चुकी है।**
83.	Rooftop solar	रुफटॉप सौर	By developing **rooftop solar** programmes within their licence area, the Discoms. can maximize the benefits from the technology.	**अपने लाइसेंस क्षेत्र के भीतर रुफटॉप सौर कार्यक्रम विकसित करके वितरण कंपनियां प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकती हैं।**
84.	Grid connected pumps	ग्रिड से जुड़े पंप	The existing **grid connected pumps** are totally dependent on power supply from	**मौजूदा ग्रिड से जुड़े पंप पूरी तरह से ग्रिड से बिजली की आपूर्ति पर निर्भर हैं।**

			grid.	
85.	Hydropower	**जल विद्युत**	**Hydropower** remained the dominant form of renewable energy.	**अक्षय ऊर्जा में जल विद्युत की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही।**
86.	Solar power plants	सौर विद्युत संयंत्र	To promote **solar power plants** for farmers Govt. of India has launched a new scheme.	**किसानों के लिए सौर विद्युत संयंत्रों** को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने एक नई योजना का शुभारंभ किया है।
87.	Energy revolution	**ऊर्जा क्रांति**	**Energy revolution** looks more attainable, undeterred and above all promising than it has ever seemed so.	**ऊर्जा क्रांति तुलनात्मक रुप से अधिक व्यावहारिक, उत्साहित और सबसे अधिक आशावादी प्रतीत होती है।**
88.	Solar cells	सौर सेल	Owing to the limited domestic manufacturing capacity, developers in India rely heavily on imports of **Solar cells** and modules.	सीमित घरेलू विनिर्माण क्षमता के कारण भारत में विकासकों को **सौर सेलों** और माड्यूलों के आयातों पर निर्भर रहना पड़ता है।
89.	Power generation capacity	**बिजली उत्पादन क्षमता**	India has pledged to have 40% of installed power generation capacity based on clean sources.	**भारत ने अपनी कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता के लगभग 40 प्रतिशत भाग का उत्पादन स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से करने का संकल्प लिया है।**
90.	Solar farms	**सौर फार्म**	**Solar farms** can generate power for thousands of homes.	**सौर फार्म हजारों घरों के लिए बिजली पैदा कर सकते हैं।**
91.	Onshore wind energy	**तटीय पवन ऊर्जा**	**Onshore wind energy** technologies have reached a stage of large scale deployment.	**तटीय पवन ऊर्जा प्रौद्योगिकियां बड़े पैमाने पर स्थापित की जा रही हैं।**

92.	Offshore wind energy	अपतटीय पवन ऊर्जा	**Offshore wind energy** is yet to reach a comparable scale.	अपतटीय पवन ऊर्जा अभी तुलनात्मक स्तर तक नहीं पहुंची है।
93.	Bio-energy	जैव-ऊर्जा	**Bio-energy** is the most widely used renewable energy in the world.	जैव-ऊर्जा दुनिया में सबसे अधिक उपयोग में लाई जाने वाली अक्षय ऊर्जा है।
94.	Global energy economy	वैश्विक ऊर्जा अर्थव्यवस्था	Today **global energy economy** is characterized by significant shifts.	आज की वैश्विक ऊर्जा अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रही है।
95.	Solar tree	सौर वृक्ष	**Solar trees** will be installed in residential complexes.	रिहायशी परिसरों में सौर वृक्ष लगाए जाएंगे।
96.	Alternate source of energy	वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत	It becomes important to use **altenate source of energy** to run the agriculture pumps.	कृषि पंपों को चलाने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत का उपयोग जरुरी हो गया है।
97.	Solarization of pumps	पंपों का सोलरीकरण	**Solarization of pumps** is expected to reduce the dependency of farmers on conventional energy sources.	पंपों का सोलरीकरण होने से पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर किसानों की निर्भरता कम होने की उम्मीद है।
98.	Energy access	ऊर्जा की पंहुच	**Energy access** is crucial for improving the quality of life .	जीवन स्तर में सुधार के लिए ऊर्जा की पंहुच महत्वपूर्ण है।
99.	Transmission capacity	पारेषण क्षमता; ट्रांसमिशन की क्षमता	There is a plan to expand **transmission capacity.**	पारेषण क्षमता को बढाने की योजना है।
100.	Photovoltaic system	प्रकाश वोल्टीय प्रणाली; फोटोवोल्टेक प्रणाली	Prior to installation of **photovoltaic (PV) system,** proper assessment of the site is to be made.	प्रकाश वोल्टीय प्रणाली लगाने से पूर्व साइट का उचित आकलन किया जाना है।